

नवभारत
इंदौर, बुधवार, 8 जुलाई 2026


## एक नजर में

### पेंशनर महासंघ की साधारण सभा 11 जुलाई को होगी

**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मन्दसौर की 34वीं साधारण सभा दिनांक 11 जुलाई 2026 को जनपद पंचायत सभागार में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित की जा रही है। साधारण सभा दो सत्रों मे होगी। प्रथम सत्र मे वार्षिक प्रतिवेदन व आय व्यय व अन्य संगठनात्मक कार्यवाही होगी। द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से होगा जिसमे मुख्य अतिथि यशपालसिंह सिसोदिया पूर्व विधायक व विशेष अतिथि श्री बसन्त शर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत मन्दसौर उपस्थित रहेंगे। बैठक की सूचना सभी सदस्यों को क्षैत्रीय व मोहल्ला ईकाई के अध्यक्षों के माध्यम से भेजी गईं हैं। जिला अध्यक्ष अशोक रामावत, उपाध्यक्ष रमेशचंद्र चन्द्रे, जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा ने संगठन के सभी सदस्यों से अपील की हैं कि साधारण सभा मे समय पर उपस्थित होवें।

### जिले में अब तक 185.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 185.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 16.8 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में भानपुरा में 18.2 मि.मी., भावगढ़ में 56.0 मि.मी., गरोठ में 3.6 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 38.0 मि.मी., संजीत में 4.0 मि.मी., धुंधड़का में 23.0 मि.मी., मंदसौर में 18.0 मि.मी., शामगढ़ में 3.2 मि.मी., कयामपुर में 0 मि.मी., सीतामऊ में 15.4 मि.मी. एवं सुवासरा में 6.0 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र भानपुरा में 144.0 मि.मी., भावगढ़ में 193.0 मि.मी., गरोठ में 135.0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 249.0 मि.मी., संजीत में 106.0 मि.मी., धुधंड़का में 232.0 मि.मी., मंदसौर में 203.0 मि.मी., शामगढ़ में 238.0 मि.मी., कयामपुर में 150.5 मि.मी., सीतामऊ में 177.8 मि.मी. एवं सुवासरा में 207.2 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्?तर अब तक 1297.66 फीट है।

### नि:शुल्क रिपेयरिंग की ट्रेनिंग 10 से प्रारंभ

**मंदसौर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान प्रबंधक द्वारा बताया गया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर द्वारा नि:शुल्क 13 दिवसीय सी.सी.टी.वी. रिपेयरिंग ट्रेनिंग पुरुषों हेतु 10 जुलाई से प्रारंभ। 18 से 50 वर्ष वाले इच्छुक प्रत्याशी अपना रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द करवा लेवे जिससे उनका स्थान सुरक्षित हो जाए। प्रत्याशी अपने साथ दो फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी कार्ड, अंतिम मार्कशीट और बैंक खाते की डिटेल फोटो प्रति लेकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी के लिए सर्किट हाउस के पहले नई आबादी पुलिस थाने के पास ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी) में प्रात: 10 से शाम 6 बजे कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

### जनसुनवाई में सुनी 115 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर



कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन के सभाकक्ष में 115 आवेदकों की समस्याएं सुनीं गई। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। जनसुनवाई में पट्टा दिलवाने, बीमा राशि दिलवाने, अतिक्रमण हटवाने, पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने, संबल योजना के अंतर्गत सहायता राशि दिलवाने, अवैध कब्जा हटवाने एवं सीमांकन करवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

# भाजपा लोगों की आस्था से खिलवाड़ कर रही है : मीनाक्षी

▶ **जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर की बैठक संपन्न**

**मंदसौर। पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि भाजपा की सरकारें वोट चोरी करते - करते अब हमारे भविष्य की भी चोरी करने लगी है। भगवान श्री राम हमारी आस्था के केन्द्र है और उनके ही मंदिर में चोरी करने से प्रत्येक भारतीय का मन दुखा है। देश के नागरिको की आस्था के साथ भी खिलवाड किया गया है। उन्होने कहा कि केन्द्र की सरकार तानाशाही पर उतर गई है। इस तानाशाही का डटकर मुकाबला किया जाएगा।**

सुश्री नटराजन ने यह बात मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी की पहली विस्तारित बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। बैठक में उन्होने राज्यसभा चुनाव में नामांकन पत्र निरस्त करने की घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होने कहा कि नामांकन पत्र में कही भी लीगल नोटिस के बारे में जानकारी नही पुछी गई थी। कांग्रेस द्वारा शीघ्र ही हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की जाएगी। उन्होने कहा कि भाजपा लोगो की आस्था के साथ भी खिलवाड कर रही है। सुश्री नटराजन ने कहा कि विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में प्रतिरोध की बात कही है। प्रतिरोध का अर्थ सत्याग्रह है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनहित के मुद्दो पर भाजपा के विरुध्द सत्याग्रह करे। सकारात्मक व रचनात्मक तरीके से भी सत्याग्रह किया जा सकता है। उन्होने कहा कि भाजपा की तानाशाही के विरुध्द हर स्तर पर लडाई लडी जाएगी। उन्होने कहा कि किसानो को खेतो में डालने के लिए खाद नही मिल रहा है। नीट के छात्रो के भविष्य के साथ खिलवाड किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस संगठन बुथ स्तर तक मजबुत किया गया है। अ विधायक विपिन जैन ने कहा कि भाजपा द्वारा विधायको को प्रलोभन देने का प्रयास विफल हो गया। उपरान्त नामांकन पत्र निरस्त करने का कृत्य किया गया। बैठक को पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, जिला अनुशासन समिति के अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया, प्रदेश सचिव राजेश रघुवंशी, सोमिल नाहटा ने भी सम्बोधित किया। संचालन जिला संगठन महासचिव अजय लोढा ने किया। आभार शहर ब्लाक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने माना। कांग्रेस नेता हिम्मतसिंह श्रीमाल जावरा, पूर्व जिलाध्यक्ष मनजीतसिंह टुटेजा, जनपद अध्यक्ष विजय पाटीदार, भानपुरा नगर परिषद अध्यक्ष शिव भानपिया, मो.हनीफ शेख, दीपकसिंह गुर्जर, तुलसीराम पाटीदार, अनिल शर्मा, शंकरलाल पाटीदार, गणपतलाल पंवार, देवेन्द्र योगी, असगर मेव, बसंतीलाल कुमावत, कमलेश जायसवाल, युनुस मेव, कर्मवीरसिंह भाटी, करणसिंह रावत, सुरेन्द्र कुमावत, रुपल संचेती, रफत पयामी, वर्षा सांखला, अंजु तिवारी, अजहर हयात मेव, महेश पाटीदार, आदित्य पाटिल, शक्तिदानसिंह सिसौदिया, श्यामसिंह चौहान, अजय मारु, सुरेश खचरानिया, आरिफ बैग, लियाकत निलगर, ब्लाक अध्यक्ष विजेश मालेचा, मुकेश धाकड, विकास दशोरा, आदि थे।

# मालवी जीनगर संस्था की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

**मंदसौर।** मालवी जीनगर साख सहकारी संस्था मंदसौर की वार्षिक साधारण सभा संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि नगर पालिका मंदसौर के पार्षद कमलेश सिसोदिया नगर परिषद् सीतामऊ के पार्षद एवं सभापति विवेक सोनगरा, शिवांग साख सहकारी संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिसोदिया एवं संस्था के अध्यक्ष दशरथ टांक, उपाध्यक्ष राजेश सिसोदिया एवं बैंक प्रतिनिधि टेकचंद पंवार द्वारा मां सरस्वती एवं बाबा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

विवेक सोनगरा ने कहा कि मालवी जीनगर साख समिति के कार्य प्रणाली की चर्चा करते हुए सहकारिता में एक नया कदम बताया और समाज के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य है। सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया और मार्गदर्शन प्रदान किया। कमलेश सिसोदिया एवं ओमप्रकाश सिसोदिया ने भी सभी को साथ मिलकर चलने और कहा कि जो छोटा सा पौधा समिति के रूप में 6 साल पूर्व लगाया था उसको विकसित होते देख सुखद अनुभूति प्राप्त की। दशरथ टांक ने स्वागत भाषण दिया। एवं संस्था के संचालक मंडल एवं वरिष्ठ सदस्यों का भी स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर समाज के गौरव सुरेश निर्माण को नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नत होने शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। बैंक प्रतिनिधि टेकचंद पंवार ने समिति का आय व्यय लेखा प्रस्तुत किया। अतिथियों के हाथों से समिति के सदस्यों को लाभांश वितरण किया।



# सम्राट मार्केट में बड़े नाले की विशेष सफाई की गई

**मंदसौर।** वर्षा ऋतु में सम्राट मार्केट में जलभराव नहीं हो तथा वर्षा के पानी की निकासी बेहतर तरीके से हो इसके लिये नगर पालिका ने विगत दिनों सम्राट मेन रोड़ के बड़े नाले की विशेष सफाई कराई गई।

चांदमलजी मुरड़िया की दुकान से लेकर एमपीईबी के कार्यालय के सामने तक मेन रोड़ के नाले की विशेष सफाई नपा के अमले के द्वारा की गई। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना के निर्देश पर एल्डरमेन दलपतसिंह डांगी की देखरेख में यह कार्य किया गया।

# नपाध्यक्ष गुर्जर ने खानपुरा में हाईमास्क का लोकार्पण किया

**मन्दसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल खानपुरा क्षेत्र के तीन स्थानों पर पहुँचकर वहाँ नपा परिषद के द्वारा लगाये गये हाईमास्क का लोकार्पण किया। यह उल्लेखनीय है कि नपा परिषद मंदसौर नगर के प्रमुख चौराहों, मार्गों व सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो इसके लिये प्रयत्नशील है और नगर में कई स्थानों पर हाईमास्क लगा रही है। कल इसी तारतम्य में वार्ड क्रमांक 30 के निलगर खरंजा चौक, वार्ड क्रं. 32 के रावण रोड (रावण प्रतिमा के सामने) एवं सत्यनारायण मंदिर के पास खानपुरा में हाईमास्क का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षदगण श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी, श्रीमती भावना जयप्रकाश



(बब्बू) पमनानी श्री विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुये। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने इलेक्ट्रिक स्वीच दबाकर हाईमास्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि बब्बू पमनानी, युसुफ गौरी, पूर्व पार्षद खलील निलगर, भाजपा नेता राजेश बोहरा, अजीजुल्लाह खान, शौकीन नलवाया, आशु जैन, विपीन भादविया, राकेश लवाणी, जितेन्द्र दावरे, लक्ष्मण सिंह ठाकुर सहित कई गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे।

नपाध्यक्ष गुर्जर ने इस मौके पर कहा कि खानपुरा क्षेत्र में रावण की अद्भुत प्रतिमा है जो विश्व में कही नहीं है रावण की प्रतिमा के सामने पर्याप्त रोशनी रहे, साथ ही तीन छत्री बालाजी मंदिर जाने वाले लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिये नगर पालिका ने वार्ड क्रमांक 32 में हाईमास्क लगाया है ताकि यहाँ दुधिया रोशनी रहे। क्षेत्रीय पार्षद भावना बब्बू पमनानी की मांग पर इस स्थान का चयन किया गया है।

जिराफ गार्डन रामटेकरी पर भी लगा हाईमास्क, लोकार्पण हुआ - नगर पालिका ने क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गरिमा हितेन्द्र भाटी की मांग पर रामटेकरी क्षेत्र के जिराफ गार्डन में हाईमास्क लगाया है। कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका मुकेश गोस्वामी ने इस हाई-मास्क का लोकार्पण किया।

# मारवाड़ी युवा मंच पांच लाख रुपये की पाठ्य सामग्री जरूरतमंद बच्चों के बीच वितरित करेगा

**मंदसौर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा मंदसौर के माध्यम से मंदसौर शहर एवं आसपास के शासकीय स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों के बीच पांच लाख रुपये कीमत की पाठ्य सामग्री वितरित करेगा।



शिक्षा साथी पाठ्य सामग्री वितरण के फ़ोल्डर का विमोचन समारोह समाजसेवी नंदकिशोर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश समन्वयक। नरेंद्र अग्रवाल ने की। समारोह में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री संजय वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश सिसोदिया, रमेश काबरा, दिलीप सोमानी एवं राजेंद्र चाष्टा की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाजसेवी की नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासकीय स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षा सामग्री वितरण करने का जो बीड़ा उठाया गया है वास्तव में वह सराहनीय कार्य है। और ऐसे पुनीत कार्यों से जहां एक और जरूरतमंदों की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है वहीं सेवा का संकल्प भी पूरा हो जाता है। अध्यक्षता करते हुए मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश समन्वयक अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय युवा मंच ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा साथी योजना आरंभ की है इस योजना के तहत जहां-जहां भी देश भर में मारवाड़ी युवा मंच की शाखाएं हैं वहां पर पाठ्य सामग्री के रूप में रजिस्टर वितरण करने का एक बड़ा संकल्प शिक्षा का साथ उज्जवल कल की बात के स्लोगन के साथ लिया है। मंदसौर शाखा द्वारा भी 136 पेज के 5000 रजिस्टर राष्ट्रीय शाखा से मंगवाए गए हैं जिन्हें आवश्यकता अनुसार एक रोस्टर बनाकर 10 से 15 जुलाई के मध्य शासकीय स्कूलों में वितरित किए जाएंगे। रजिस्टर के साथ आवश्यकता लगने पर बच्चों को पेन, पेंसिल, रबर कंपास, स्कूल बैग सहित अन्य जरूरतमंद की पाठ्य सामग्री भी प्रदान की जाएगी। लगभग पांच लाख रुपये कीमत की पाठ्य सामग्री मंदसौर व आसपास के स्कूलों में वितरित की जाएगी।

## नीमच

## एक नजर में

### जनसुनवाई में निष्पक्ष जांच की मांग

**नीमच।** जिले की जीरन तहसील के ग्राम उगरान निवासी एक महिला ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर अपने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना, मारपीट और संपत्ति से वंचित करने के आरोप लगाए हैं। महिला ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, पीड़िता संगीता का आरोप है कि उसके सास-ससुर, देवर, देवरानी सहित अन्य परिजनों द्वारा उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज की गई तथा उसे जान से मारने की धमकी दी गई। महिला का यह भी कहना है कि उसे उसके पैतृक हिस्से की भूमि और उससे होने वाली फसल के अधिकार से भी वंचित किया जा रहा है। महिला ने आवेदन में आरोप लगाया कि मजदूरी कर जमा किए गए उसके रुपये, गहने तथा टीन शेड पर भी ससुराल पक्ष ने कब्जा कर लिया है। उसका कहना है कि उसने इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से उसे न्याय नहीं मिल सका। पीड़िता ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा उसे न्याय दिलाने की मांग की है। फिलहाल मामले में संबंधित पक्ष का बयान सामने नहीं आया है। प्रशासन द्वारा आवेदन के आधार पर नियमानुसार जांच के बाद ही आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

### एसडीएम के आश्वासन पर समाप्त हुआ प्रदर्शन

**नीमच।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब रामपुरा निवासी एक पीड़ित परिवार शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गया। परिवार का कहना था कि जब तक उनकी शिकायतों पर ठोस कार्रवाई का आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक वे धरना समाप्त नहीं करेंगे। बाद में एसडीएम और तहसीलदार के मौके पर पहुंचकर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा देने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। पीड़ित परिवार ने कलेक्टर को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि रामपुरा स्थित सर्वे क्रमांक 422 की शासकीय भूमि, शासकीय कुएं तथा पूर्वजों के धार्मिक चबूतरे पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर टीनशेड और बाउंड्री का निर्माण कर लिया गया है। परिवार का कहना है कि उन्होंने 23 जून की जनसुनवाई में भी इसकी शिकायत की थी, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार, नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) और थाना रामपुरा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

परिवार का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में थाना, नगर परिषद और तहसील कार्यालय में भी अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन हर बार उन्हें एक विभाग से दूसरे विभाग भेजा जाता रहा। उनका कहना है कि कथित अतिक्रमण के कारण शासकीय कुएं और धार्मिक चबूतरे तक पहुंच बाधित हो गई है, वहीं उनकी कृषि भूमि की सिंचाई भी प्रभावित हो रही है। आवेदन में परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में महिलाओं के साथ अभद्रता और मारपीट की घटनाएं हुई थीं, जिनके फोटो और वीडियो भी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने से परिवार ने अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। धरने की सूचना मिलने पर पहले तहसील प्रशासन की ओर से परिवार को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वे नहीं माने। बाद में एसडीएम और तहसीलदार स्वयं मौके पर पहुंचे तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिवार ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

# उज्जैनी के बाद मेहरबान हुए इंद्रदेव, कुकड़ेश्वर में झमाझम बारिश से खिल उठे किसानों के चेहरे

**कुकड़ेश्वर।** लंबे समय से बारिश नहीं होने से चिंतित किसानों और नगरवासियों ने मंगलवार को परंपरागत उज्जैनी का आयोजन कर खेड़ा देवत की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। अच्छी वर्षा की कामना को लेकर निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठान के कुछ ही समय बाद मौसम ने करवट ली और कुकड़ेश्वर सहित आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश शुरू हो गई, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे।

मंगलवार सुबह भगवान गणेशजी मंदिर से बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के प्रमुख मंदिरों और विभिन्न मार्गों से होती हुई खेड़ा देवत स्थल पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन-अर्चन कर अच्छी वर्षा की प्रार्थना की।



पूजन के बाद किसान और ग्रामीण अपने-अपने खेतों और खलिहानों में पहुंचे। यहां दाल-बाटी और चूरमा का भोग अर्पित कर समय पर अच्छी बारिश और भरपूर फसल की कामना की गई। दोपहर करीब दो बजे तक क्षेत्र में तेज गर्मी और उमस बनी रही, लेकिन धार्मिक परंपरा पूर्ण होने के कुछ समय बाद ही आसमान में काले बादल छा गए और कुकड़ेश्वर सहित आसपास के इलाकों में तेज बारिश शुरू हो गई। अचानक हुई इस बारिश से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। किसानों ने इसे अपनी आस्था और खेड़ा देवत के आशीर्वाद का प्रतीक बताते हुए कहा कि अब खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त नमी मिलने की उम्मीद है, जिससे खेती को लाभ होगा।

# जिले में अब तक औसत 219.1 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक औसत 219.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 315.1 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख, नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से 7 जुलाई 2026 की प्रात: 8 बजे तक जिले की चारों तहसीलों में वर्षा का विवरण इस प्रकार है- नीमच में 255.0 मि.मी., जावद में 218.0 मि.मी., सिंगोली में 231.7 मि.मी. तथा मनासा में 172.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में नीमच में 293.6 मि.मी., जावद में 330.0 मि.मी., सिंगोली में 437.0मि.मी. तथा मनासा में 200.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। इसी प्रकार, 7 जुलाई 2026 को प्रात: 8 बजे तक बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 13.0 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस दौरान नीमच तहसील में 26.0 मि.मी., जावद में 16.0 मि.मी. मनासा में 5.0 मि.मी., सिंगोली में 5.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

# एसपी राजेश व्यास ने सुनीं 51 फरियादियों की समस्याएं, सीएम हेल्पलाइन की 13 शिकायतों का मौके पर निराकरण

**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन के निर्देशानुसार मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई, शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने की। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई में पहुंचे करीब 51 फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण अभियान भी चलाया गया, जिसमें लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 13 लंबित शिकायतों का आवेदकों की संतुष्टि के साथ निराकरण कर उनका निराकरण दर्ज किया गया। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य विभिन्न मामलों से जुड़ी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। एसपी राजेश व्यास ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक जांच कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि आमजन से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता लोगों को त्वरित न्याय और प्रभावी पुलिस सेवा उपलब्ध कराना है। साथ ही समय-समय पर थाना स्तर पर भी जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाए।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

**नीमच।** महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा रोटरी डायमंड पार्क के समीप, गोमाबाई रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों, सिद्धांतों एवं राष्ट्रवादी विचारों को स्मरण करते हुए उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। माल्यार्पण कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, हेमंत हरित, महेंद्र भटनागर, जिला महामंत्री धनसिंह कैथवास, राकेश 'पप्पू' जैन, अर्जुन सिंह सिसोदिया, आदित्य मालू, निलेश पाटीदार, रोशन वर्मा, मनोज माहेश्वरी, केतन खंडेलवाल, अमन दीवान, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव, मुखर्जी मंडल महामंत्री विक्की छाबड़ा सहित जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दिलीप सिंह परिहार, जिला महामंत्री धनसिंह कैथवास एवं जिला उपाध्यक्ष राकेश 'पप्पू' जैन ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**एक नजर** ▶ **प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना**

# कर्नाटक के राज्यपाल गेहलोत ने हर्कियाखाल बालाजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नीमच।** कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत ने मंगलवार को परिवार सहित नीमच जिले के सुप्रसिद्ध श्री संकट मोचन हरकियाखाल बालाजी मंदिर पहुंचकर, भगवान बालाजी के दर्शन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश एवं देश के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि, शांति और वैभवपूर्ण जीवन की मंगलकामना की।

राज्यपाल के हरकियाखाल बालाजी मंदिर आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मंदिर समिति की ओर



से मुख्य पुजारी पंडित श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा, श्री दशरथ भाई एवं समिति के पदाधिकारियों ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर महामहिम राज्यपाल का सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने भी मुख्य पुजारी का सम्मान कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

इस अवसर पर विधायक नीमच दिलीप सिंह परिहार, सांसद प्रतिनिधि नागदा ओ.पी.गेहलोत, पूर्व विधायक आलोट जितेंद्र गेहलोत, अपर कलेक्टर बी.एस. कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल, एसडीएमी पराग जैन, मंदिर समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी उपस्थित रहे।